हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बांसवाडा (राज.)

प्राचार्य संदेश

हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा पिछले 25 वर्षों से निरन्तर छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए प्रयत्नरत है। जनजातीय बाहुल्य इस वागड़ क्षेत्र की छात्राओं के लिए यह एक मात्र राजकीय कन्या महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में सभी छात्राएँ विशेषकर जनजातीय वर्ग की छात्राएँ, शैक्षिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं वैचारिक रूप से निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर हो रही है। उनके जीवन की प्रतिकुल परिस्थितियों में भी वे अध्ययन के साथ–साथ खेल एवं अन्य सह शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेती है एवं आगे बढ़ती है।

महाविद्यालय की छात्राएँ योग्य, अनुभवी एवं समर्पित आचार्यो के मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त करती है। वे एन.एस.एस., रेंजरींग, साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियाँ, महिला अध्ययन प्रकोष्ठ, मेंटल एवं फिजीकल हेल्थ की सभी समितियों के आचार्य प्रभारी के रूप में अपनी महत्वपूर्ण सेवा दे रहे हैं। शैक्षिक लक्ष्य को प्राप्त करते हुए छात्राएँ विश्वविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट में स्थान प्राप्त कर रही हैं, तो अध्ययन के उपरान्त उनका चयन विभिन्न राजकीय एवं निजी सेवाओं में हो रहा है।

सत्र पर्यन्त अपनी सभी उपलब्धियों को पूरा करने के लिए संपूर्ण महाविद्यालय परिवार टीम भावना से कार्य करता है।

महाविद्यालय ने UGC की नेक टीम द्वारा महत्वपूर्ण B ग्रेड प्राप्त की है। यह महाविद्यालय कालीबाई भील स्कूटी योजना एवं देवनारायण स्कूटी योजना का नोडल केन्द्र है एवं छात्राओं को राज्य सरकार की सभी प्रकार की छात्रवृत्तियाँ प्राप्त होती है।

अंत मे, मैं कहना चाहुँगी की श्रेष्ठ गुरूजनों के मार्गदर्शन, सभी संसाधनों से पूर्ण यहाँ के शैक्षिक वातावरण में महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छुक छात्राओं की सभी उपलब्धियों के प्रति यह महाविद्यालय हमेशा कटिबद्ध रहेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

प्राचार्य,
हरिदेव जोशी, राजकीय कन्या
महाविद्यालय, बाँसवाड़ा (राज.)